# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक 369 /परीक्षा/25 भोपाल, दिनांक : 10-12-2025

## अधिसूचना

विषयः–**सत्र 2025–26 डी.टी.ई. (DTE) पाठ्यक्रम में नियमित प्रवेशित एम.बी.ए. , एम.बी.ए. इन्ट्रीगेटेड,बी.सी.ए., बी.बी.ए. छात्रों का ऑन लाईन नामांकन/पंजीयन।**

**सत्र 2025–26 में MP ONLINE /उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशित वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली में प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन/पंजीयनकी निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–**

विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में ऑन लाईन नामांकन कराने हेतु निम्नांकित निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए :–

01. डी.टी.ई. ( DTE) पाठ्यक्रमसंकाय में सम्मिलित होने वाले छात्रों का पंजीयन/नामांकन आवेदन पत्र ऑन लाईन करके ऑनलाईन प्रिंट आउट संबंधित महाविद्यालय/विभाग द्वारा अग्रेषित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि **23/12/2025 तक** तथा विलंब शुल्क रू. 165/–अतिरिक्त के साथ दिनांक 31/12/2025 तक आवेदन पत्र स्वीकार किए जा सकेगें।
02. महाविद्यालय/विभाग द्वारा विद्यार्थियों से नामांकन आवेदन पत्र पात्रता अंकसूची के आधार पर ऑन लाईन पूर्तियां करके निर्धारित शुल्क आव्रजन शुल्क (यदि देय हो), आर्हताकारी परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति मूल प्रबजन प्रमाणपत्र आदि नियमानुसार अनिवार्य रूप से नामांकन आवेदन पत्र के साथ संलग्न कराना सुनिश्चित करें।
03. जिन विद्यार्थियों ने इस विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें नामांकन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण** पत्र(Migration Certificate) संलग्न करना अनिवार्य है।
04. जिन विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के बाहर के विश्वविद्यालय से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हे नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण** पत्र(Migration Certificate) अनिवार्यतः संलग्न करने के साथ ही आव्रजन शुल्क रू.165/– अतिरिक्त देय होगा।
05. नामांकन आवेदन पत्रों के प्रिंट आउट में निर्धारित स्थान पर प्राचार्य/विभाग द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। ऑनलाईन फार्म भरने के पश्चात प्रत्येक छात्र के प्रिंट/सूची के साथ अंकसूची,माईग्रेशन,इत्यादी संलग्न कर विश्वविद्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।
06. पंजीयन/नामांकन शुल्क का विवरण :– ऑन लाईन भुगतान करना अनिवार्य है।

07. **नोटः–नामांकन फार्म भरने के लिए DTE द्वारा कराए गए प्रवेश में दिए गए Application ID से ही नामांकन फार्म भरें जा सकेगें, अन्यथा नामांकन फार्म नहीं खुलेगें जिसकी जिम्मेदारी छात्र एवं महाविद्यालय की होगी।**
08. प्रवेशित छात्रों के पंजीयन/नामांकन फार्म एवं पंजीयन/नामांकन शुल्क एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड के पोर्टल www.mponline.gov.inके माध्यम से भरे जाएंगें।

निरंतर :–2

09. सम्बद्ध महाविद्यालय/विभाग द्वारा प्रवेशित छात्रों के फार्म ऑनलाईन भरना अनिवार्य है। जिन छात्रों के ऑनलाईन फार्म नहीं भरे जावेगें उनका पंजीयन/नामांकन नहीं होगा। ऑनलाईन फार्म जमा करने के पश्चात संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में ऑनलाईन भरे गये,फार्म के साथ अंकसूची, माइग्रेशन एवं आवश्यक दस्तावेज लगाना सुनिश्चित करें।

10. समस्त संबंधित प्राचार्य/विभाग का दायित्व है कि छात्रों की अंकसूची, पात्रता, माइग्रेशन एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों की भली-भांति जॉच करके ही पात्र छात्रों का ही ऑनलाईन फार्म भरे तथा सत्य जानकारी ही नामांकन फार्म में भरना सुनिश्चित करें। जिसकी जबावदेही छात्र एंवम् महाविद्यालय/विभाग की होगी। **स्थानांतरित छात्रों के लिए नामांकन फार्म महाविद्यायलद्वारा भरें जाएगें।**

11. नामांकन फार्म में वांछित सभी प्रविष्टियां सही भरी जावें और कोई भी कॉलम रिक्त न छोड़े। छात्र का नवीनतम फोटो एवं संबंधित अभ्यार्थी के हस्ताक्षर ऑनलाईन फार्म में अपलोड किए जावें। विद्यार्थी की पात्रता **अंकसूची में मुद्रित छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि अंकसूची अनुसार ही भरे जाए।**छात्र इसकी स्वयं भी जॉच करने का कष्ट करें जिससे गलती की संभावना न रहें। नामांकन की अंतिम दिनांक **30/11/24** तक जमा कराए गए समस्त नामांकन ऑनलाईन फार्म भरने के उपरांत ऑनलाईन पेमेन्ट जमा करने के पूर्व सभी प्रविष्टियां एवं फोटो चैक की जावें एवं यदि कोई त्रुटि हो तो सुधार कर लिया जावे। समस्त प्रविष्टियां चैक करने के उपरांत ही ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन फार्म जमा किया जावे। ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन फार्म जमा प्रक्रिया में केवल भुगतान हो चुके (जिनका Transaction I.D एवं Code जनरेट हुआ है) उनका पंजीयन/नामांकन किया जाएगा। यदि किसी प्रकार की त्रूटी/गलत प्रकार से फॉर्म भरा जाता हैतो विद्यार्थी का परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सकेगा। जिसका उत्तरदायित्व महाविद्यालय/विभाग एवं छात्र का होगा।

12. ऑनलाईन नामांकन फार्म जमा करने के पश्चात प्रत्येक पंजीयन/नामांकन फार्म के प्रिंट आउट को प्रचार्य/विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षरित करवाकर, इन प्रिंट आउट के साथ सभी आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेज नामांकन की अंतिम दिनांक **23/12/25** तक नामांकन फार्म विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में पत्र एवं लिस्ट के साथ जमा करना अनिवार्य है । **फार्म पाठ्यक्रम अनुसार स्नातक/स्नातकोत्तर/वार्षिक एवं सेमेस्टर अलग-अलग कक्षावार ऑनलाईन आवेदन क्रमांक से भिजवाना सुनिश्चित करें।** छात्र का नामांकन फार्म ऑनलाईन जमा होने के उपरांत यदि उसका प्रिंट आउट तथा नामांकन संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज नियत तिथि तक प्राप्त नहीं होते हैं/अपूर्ण प्राप्त होते हैं या छात्र अपात्र पाया जाता है या नियमों की पूर्ति नहीं की गई है तो संबंधित छात्र को परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नहीं होगी एवं नामांकन निरस्त/प्रवेश पत्र रोकने/परीक्षा परिणाम रोकने जैसीकार्यवाही होती है तो इसके लिए संबंधित छात्र एवं महाविद्यालय जिम्मेदार होगा। नामांकन विभाग में नियत तिथि तक नामांकन फार्म एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त न होने की स्थिति में पत्र व्यवहार करने हेतु विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है।

निरंतर :-3

13. समस्त महाविद्यालय/विभाग अंतिम तिथि तक ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने का इंतजार न करें। एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड का पोर्टल खुलते ही ऑनलाईन फार्म भरना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार के
तकनीकी कारण, एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड से टॉप–अप संबंधी कारण अथवा अन्य कारण से हुए विलंब के लिए अंतिम तिथि में छूट नहीं दी जावेगी एवं संबंधित विभाग इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें।

**GENERAL FEES DETAILS (23/12/25 तक)**

| Students Category | Enrollment Fees |
|---|---|
| Students of M.P. | RS.130/- |
| Students Of out side of M.P.& CBSC | RS.130/-+165/- =295/- |
| Students Of out side of India | RS.275/-+380/- =655/- |

**LATE FEES DATAILS (31.12.2025 तक)**

| Students Category | Enrollment Fees |
|---|---|
| Students of M.P. | RS.130/-+165/- =295/- |
| Students Of out side of M.P. & CBSE | RS.295/-+165/- =460/- |
| Students Of out side of India | RS.275/-+380/- +380/=1035/- |

बेवसाइट:– नामांकन(www.bubhopal.ac.in)पर online services पर क्लिक करें।

नोट :–

02. पूर्व में नामांकन प्राप्त विद्यार्थी नामांकन नं.पोर्टल में अवश्य डालें जिसका निर्धारित पोर्टल शुल्क देय होगा।

**कुलसचिव**
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 370 परीक्षा/2025
भोपाल , दिनांक 10-12-2025

प्रतिलिपि:—–

1— प्रमुख सचिव,उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
2— आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
3— प्राचार्य,समस्त समब्द्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4— अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5— कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।
6— उपकुलसचिव गोपनीय शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7— जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8— प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
9— प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।
10— प्रभारी पूछताछ कक्ष की ओर सूचनार्थ।
11— संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल